प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

12 मार्च 2026

डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह 2026 - 'डिजिटल भुगतान पर जागरूकता कार्यक्रम' का शुभारंभ तथा भुगतान प्रणाली परिचालकों (पीएसओ) के साथ संवाद

डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह (डीपीएडब्ल्यू) का छठा संस्करण 9 से 13 मार्च 2026 तक मनाया जा रहा है। इस पहल के अंतर्गत, गवर्नर श्री संजय मल्होत्रा ने आज 'डिजिटल भुगतान पर जागरूकता कार्यक्रम' नामक प्रायोगिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह प्रायोगिक कार्यक्रम सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के सहयोग से महाराष्ट्र में आयोजित किया जाएगा।

शुभारंभ कार्यक्रम में बोलते हुए, गवर्नर ने डिजिटल भुगतान में विश्वास बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया तथा ग्राहक जागरूकता एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए रिजर्व बैंक के प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने सभी हितधारकों से आह्वान किया कि वे डिजिटल भुगतान के अपनाने एवं उपयोग में जनता के विश्वास को और सुदृढ़ बनाने के लिए सहयोगात्मक कदम उठाएं।

इस अवसर पर, रिजर्व बैंक ने मल्टी-मीडिया जागरूकता अभियान **"थोड़ा ध्यान से"** (सावधान रहें / सतर्क रहें) का शुभारंभ किया, जो उपयोगकर्ताओं को भुगतान करते समय तथा ऑनलाइन लेनदेन करते समय सावधानी बरतने के लिए प्रोत्साहित करता है।

शुभारंभ के पश्चात्, गवर्नर ने चुनिंदा भुगतान प्रणाली परिचालकों (पीएसओ) के प्रबंध निदेशकों/ मुख्य कार्यपालक अधिकारियों के साथ संवाद किया।

इस कार्यक्रम में उप-गवर्नर श्री टी. रबी शंकर, डॉ. पूनम गुप्ता तथा श्री एस सी मुर्मू एवं रिजर्व बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

(ब्रिज राज)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/2258